# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 2

Chapter Name : सबसे सुंदर लड़की

Q1.वाक्य जोड़ो

(क) लहरें उछलती हैं। वे कूदती भी हैं।

(ख) सब बच्चे हँसते हैं। वे खेलते भी हैं।

(ग) मेरी माँ पढ़ना जानती है। वह लिखना भी जानती हैं।

Answer:

(क) लहरें उछलती-कूदती हैं।

(ख) सब बच्चे हँसते-खेलते हैं।

(ग) मेरी माँ पढ़ना-लिखना जानती हैं।

Page : 9 , Block Name : वाक्य जोड़ो

aglasem.com

Q2. कहानी से

(क) हर्ष और कनक छोटे होने पर भी समुद्र की लहरों में कैसे तैर सकते थे?

(ख) हर्ष का पिता क्या काम करता था?

(ग) कनक छोटे-छोटे शंखों की मालाएँ बनाकर क्यों बेचती थी?

(घ) मंजरी को कनक क्यों नहीं भाती थी?

(ङ) मंजरी ने कनक को अपना खिलौना क्यों दे दिया?

Answer :

(क)हर्ष और कनक छोटे होने पर भी इसलिए तैर सकते थे क्योंकि वे समुद्र के किनारे रहते थे|हर्ष के पिता समुद्र में जाल डालकर शंख, सीप और खिलौनों से तरह-तरह के सामान बनाते थे। वह अपने पिता की मदद भी करता था। इसी कारण उनको तैरने का अभ्यास हो गया था।

(ख)हर्ष के पिता एक कलाकर थे । वे समुद्र में जाल डालकर सीपियाँ,रंग बिरंगी कौड़ियां , भिन्न -भिन्न प्रकार के सुन्दर शंख बटोरते थे एवं उनसे मालाएं व खिलौने बनाकर पास के शहर में बेंचते थे।

(ग)कनक के पिता की मृत्यु हो चुकी थी , इसलिए ही वह छोटे -छोटे शंखों की मालाएं बनाकर बेंचती थी जिससे कि उसकी माता को आर्थिक सहायता मिल सके।

(घ) मंजरी को कनक एवं हर्ष का साथ अच्छा नहीं लगता था। मंजरी को तैरना नहीं आता था और हर्ष और कनक तैरने में कुशल थे। मंजरी को हर्ष के साथ कनक को तैरते देखना अच्छा नहीं लगता था। मंजरी खुद हर्ष के साथ तैरना चाहती थी।इसलिए वह कनक को पसंद नहीं करती थी।

(ङ)कनक की वजह से ही मंजरी की जान बच पायी क्यूंकि उसने मंजरी को डूबने से बचाया। इसी वजह से कनक के प्रति उसके मन से ईष्या खत्म हो जाती है और वह खिलौना कनक को दे देती है। मंजरी कनक को सबसे सुन्दर लड़की भी मानने लगी।

Page : 9 , Block Name :कहानी से

Q3. रिक्त स्थान भरो
गुड़िया जैसी सुंदर

| | | |
|---|---|---|
| क | दूध जैसा | ………. |
| ख | हाथी जैसा | ………. |
| ग | रात जैसा | ………. |
| घ | रूई जैसा | ………. |
| ङ | चीनी जैसा | ………. |

aglasem.com

Answer:

| | | |
|---|---|---|
| क | दूध जैसा | सफ़ेद |
| ख | हाथी जैसा | विशालकाय |
| ग | रात जैसा | काला |
| घ | रूई | मुलायम |
| ङ | चीनी जैसा | मीठा |

Page : 9 , Block Name : रिक्त स्थान भरो

Q4. कौन कैसा
नीचे कुछ शब्द लिखे हैं। उन्हें उचित खाने में लिखो
दयालु, डरपोक, सुंदर, अमीर, गरीब, समझदार, लालची, ईर्ष्यालु, अच्छी, मेहनती, आलसी, मूर्ख, लापरवाह, मनमौजी, साहसी
Answer:

| कनक | मंजरी |
|---|---|
| दयालु | डरपोक |
| साहसी | ईर्ष्यालु |
| गरीब | अमीर |
| समझदार | लालची |
| अच्छी | लापरवाह |
| मेहनती | मूर्ख |
| मनमौजी | आलसी |
| | सुंदर |

aglasem.com

Page : 10 , Block Name : कौन कैसा

Q5.सुन्दर
मंजरी बिलकुल गुड़िया जैसी सुंदर थी। तुम्हें सबसे सुंदर कौन लगती/लगता है? क्यों?
Answer:कनक मंजरी जैसी सुन्दर नहीं थी लेकिन वह स्वभाव से बहुत खूबसूरत थी ।वह सभी से मिलजुल कर रहती,अपनी माताजी की सेवा सहायता करती थी। उसने बड़ी ही बहादुरी एवं निडरता से मंजरी की जान भी बचाई। मेरे लिए वही सबसे सुन्दर थी क्योंकि असली सुंदरता तन की न होकर मन की होनी चाहिए।

Page : 10 , Block Name : सुन्दर

Q6.गरीब
(क) “वह बेचारी थी बड़ी गरीब।”
लोग आमतौर पर गरीबों को बेचारा और असहाय क्यों मानते हैं? कहानी में कनक को बेचारी कहा गया है जबकि वह निडर और दूसरों की सहायता करने वाली लड़की थी। दूसरी ओर मंजरी गरीब नहीं थी पर ईर्ष्यालु और डरपोक थी। तुम्हारे विचार से असली गरीब कौन है?
(ख) तुमने अपने आस-पास अमीर और गरीब, दोनों तरह के लोग देखे होंगे। तुम्हारे विचार से गरीबी के क्या कारण हो सकते हैं?
(ग) अमीरी और गरीबी के अंतर को कैसे दूर किया जा सकता है? कुछ उपाय सुझाओ।
Answer:(क) हमारे विचार से असली गरीब मंजरी थी। जो मनुष्य स्वार्थी,ईर्ष्यालु और डरपोक होता है, वह धनवान होते हुए भी गरीब ही होता है। जो दुसरो से ईर्ष्या करे व तरक्की में बाधा बने वह हमेशा गरीब ही कहलायेगा। मंजरी का अभिमान लहरों की चपेट में आकर चूर हो गया। अतः वही असली गरीब थी।

(ख)रोजगार न मिलना, अशिक्षा, आमदनी से ज्यादा खर्चे होना तथा समाज में फैली असमानता गरीबी के कारण हो सकते हैं।

(ग) अमीरी और गरीबी के अंतर को इस प्रकार से दूर किया जा सकता है-

(1) सामाजिक असमानता को दूर करना,

(2) शिक्षा का ज्यादा से ज्यादा अशिक्षित व्यक्तियों तक प्रसार होना चाहिए,

(3) सरकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा गरीब व ज़रूरतमंद लोगों तक पहुंचाना चाहिए|

Page : 10 , Block Name : गरीब

aglasem.com

Q7.जन्मदिन

क) क्या तुम्हारा जन्मदिन मनाया जाता है?

ख) तुम्हारे कितने दोस्तों और संबंधियों का जन्मदिन मनाया जाता है और कितनों का नहीं मनाया जाता?

Answer:

(क)हाँ मेरा जन्मदिन मनाया जाता है। मैं अपना जन्मदिन अपने परिवार, रिश्तेदारों व मित्रों के साथ मानता हूँ।

(ख)मेरे लगभग सभी दोस्तों का जन्मदिन मनाया जाता है।मैं उनके जन्मदिन में उनके घर जाता हूँ। मेरी माताजी ,पिताजी व दादा जी का जन्मदिन नहीं मनाया जाता है।

Page : 10 , Block Name : जन्मदिन

Q8.समुद्र

भारत के मानचित्र को देखो। भारत तीन दिशाओं से समुद्र से घिरा है। उन तीनों दिशाओं के नाम मानचित्र में भरो। समुद्र के पास वाले राज्यों के नाम भी भरो।

Answer:

aglasem.com




पूरब, पश्चिम और दक्षिण

पश्चिमी राज्य गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल हैं|

पूर्वी राज्य तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडीशा, कोलकाता हैं|

Page : 11 , Block Name : समुद्र

Q9.वाक्य बनाओ

'उसके पिता एक सुंदर-सा खिलौना बनाने में लगे हैं।'इस वाक्य में 'सुंदर-सा' लगाकर वाक्य बनाया गया है। तुम भी साधारण, बड़ा, छोटा, लंबा, गोल, चौकोर और त्रिकोण शब्द में सा, से या सी का प्रयोग कर वाक्य बनाओ।

Answer:

- साधारण- उसका रहन-सहन साधारण-सा है।
- बड़ा-  उन लोगो का बड़ा-सा घर है ।
- लंबा- मुझे यह रास्ता बहुत लंबा-सा लगा।
- गोल- रसगुल्ला गोल-सा होता है।
- चौकोर- यह एक चौकोर-सी कलाकृति है।
- त्रिकोण- सभी प्रश्न त्रिकोण-से हैं।
- छोटा- मेरा घर छोटा-सा है।

Page : 11 , Block Name : वाक्य बनाओ

Q10. कुछ यह भी करो

(क) हर्ष का पिता समुद्र के किनारे रहता था। वह तरह-तरह के खिलौने एवं मालाएँ तैयार कर पास के बड़े नगर में बेच आता था। तुम अपने आस-पास के कुछ ऐसे ही लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करो। वे किन-किन चीजों से क्या-क्या बनाते हैं?

(ख) समुद्र से सीपी, कौड़ी, शंख, पत्थर आदि प्राप्त होते हैं। पता करो उससे और क्या-क्या चीज़ें प्राप्त होती हैं जो मनुष्य के लिए उपयोगी हैं? इसकी एक सूची बनाओ।

(ग) हर्ष और कनक ने मंजरी को समुद्र से निकाला। इसके बाद उन्होंने मंजरी को प्राथमिक उपचार दिया। पता करो तुम कौन से प्राथमिक उपचार करोगे, यदि

– किसी का हाथ गर्म चीज़ से जल जाए

– पैर में काँच घुस जाए

– कोई ज़हरीला जंतु काट ले

Answer: (क)

1. कुम्हार मिटटी से कई तरह के बर्तन, दिए ,सुराही व घड़े बनाते हैं।
2. मैंने पुराने दफ़्ती के टुकड़े से एक सजावटी सामान बनाया है एवं पुरानी बोतल को काटकर उसमे बल्ब से रोशनी कर के एक सुन्दर सा लैंप बनाया है।

aglasem.com

(ख)समुद्र से सीपी, कौड़ी, शंख एवं पत्थर के अलावा अन्य कई बस्तुएँ भी प्राप्त होती हैं-

1. नमक

2. मोती

3. मूंगा व अन्य कई प्रकार के पत्थर

4. पेट्रोलियम पदार्थ आदि|

(ग)किसी का हाथ गर्म चीज से जल जाए- सबसे पहले हाथ पर ठंडा पानी डालेंगे ताकि छाले न पड़ें। जिस स्थान पर जला है और वहां जलने पर लगाया जाने वाला ट्यूब लगाएंगे।

पैर में कांच चुभने पर- सबसे पहले कांच निकालकर उस पर पट्टी बांधेंगे। उसके बाद डॉक्टर के पास ले जायेंगे।

कोई जहरीला जंतु काट ले- सबसे पहले उस स्थान पर कस कर एक कपड़ा बांध देंगे ताकि जहर बाकि हिस्से में न फैले। उसके बाद तुरंत डॉक्टर को दिखाएंगे।

Page : 11 , Block Name : कुछ यह भी करो

aglasem.com